# 14. शुद्ध-अशुद्ध शब्द एवं वाक्य

हिंदी भाषा उच्चारण पर आधारित होती है अर्थात् यह जैसी बोली जाती है, वैसी ही लिखी भी जाती है। यदि किसी शब्द का उच्चारण ही गलत किया जाएगा तो उसका लेखन भी स्वतः ही गलत हो जाएगा। अतः प्रारंभ से ही बच्चों के उच्चारण पर ध्यान देना चाहिए। इसी कारण अधिकांशतः भाषा में शब्दों, वाक्यों की सामान्य अशुद्धि पाई जाती है।

## शिक्षण-संकेत

❖ पाठ पृष्ठ 58 पर दी शुद्ध-अशुद्ध शब्दों की दो पंक्तियाँ पढ़ें और बच्चों को शब्दों के उच्चारण और वर्तनी की शुद्धता का महत्त्व समझाएँ। तदुपरांत पृष्ठ पर दिए चित्र और वाक्यों को पढ़ें और उनकी अशुद्धियाँ बच्चों से जानें। उनका ध्यान शुद्ध वर्तनी की तरफ़ ले जाएँ।

❖ शुद्ध वाक्य को बच्चों से नीचे दिए रिक्त स्थान में लिखवाएँ।

❖ अशुद्ध शब्दों का उच्चारण बच्चों से न करवाएँ। अशुद्ध शब्द केवल यह दिखाने के लिए दिए गए हैं कि यदि कोई बच्चा इस प्रकार का शब्द रूप लिखता है तो वह अशुद्ध या गलत वर्तनी लिखता है।

❖ केवल शुद्ध शब्दों के लेखन का बारंबार अभ्यास करवाएँ।

❖ बच्चों को बताएँ, शब्दों का सही क्रम ही शुद्ध वाक्य बनाता है। ब्लैकबोर्ड पर कुछ वाक्य लिखें जिनमें शब्दों का क्रम उलट-पलट लिखा गया हो तथा बच्चों से उन्हें शुद्ध करवाएँ।

❖ सुनिश्चित करें कि बच्चे भली प्रकार पाठ समझ रहे हैं।

❖ अभ्यास करवाने में यथासंभव सहायता करें।